बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र सं०-जन संपर्क- 06/2016- /वि०स० ।

प्रेषक,

सुनील कुमार
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक, **हिन्दुस्तान**, हिन्दी दैनिक, पटना ।
विज्ञापन व्यवस्थापक, **प्रभात खबर**, हिन्दी दैनिक, पटना ।

पटना, दिनांक- अप्रील, 2016 ई० ।

विषय:- बिहार विधान सभा सचिवालय से संबंधित निविदा आमंत्रण का विज्ञापन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विज्ञापन सामग्री संलग्न करते हुए निदेशानुसार सूचित करना है कि इसे आप अपने समाचार पत्र के पटना संस्करण मात्र में दिनांक-08.04.2016 के अंक में निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रकाशित करने की कृपा करें :-

(1) इस विज्ञापन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित डी०ए०वी०पी० दर से भुगतान होगा,
(2) विज्ञापन 08 से०मी० X 08 से०मी० आकार में होना चाहिए,
(3) विज्ञापन प्रकाशन के सात दिनों के अंदर विज्ञापन अंक के साथ विपत्र की तीन प्रतियाँ प्रथम प्रति पर रसीदी टिकट साटकर सभा सचिवालय को निश्चित रूप से भेज दें,
(4) विज्ञापन प्रकाशन के तत्काल बाद विज्ञापन अंक की प्रति सभा सचिवालय को भेज दें,
(5) अपने समाचार पत्र के लिए निर्धारित डी०ए०वी०पी० दर से संबंधित पत्र की प्रति विपत्र में अवश्य संलग्न की जाय ।

विश्वासभाजन,
ह०/-
(सुनील कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या:- जनसंपर्क- 06/2016 1472 /वि०स०, पटना, दिनांक- 06 अप्रील, 2016 ई० ।

प्रति:- अवर सचिव, श्रव्य एवं दृश्य इकाई, बिहार विधान सभा, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है कि संलग्न विज्ञापन को विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को बिहार विधान सभा की वेबसाईट पर अपलोड कराने संबंधी कार्रवाई करने की कृपा की जाय ।

06.04.16

(सुनील कुमार)
अवर सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।

6/4/16

बिहार विधान सभा सचिवालय
निविदा आमंत्रण सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार विधान सभा अतिथि निवास के लिए भवन निर्माण विभाग द्वारा न्यू पुनाईचक, पटना स्थित आवंटित फ्लैट संख्या-04/84, 06/84 एवं 22/84 तथा माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आवासीय कार्यालय 2, देशरत्न मार्ग, पटना में अधिष्ठापित ए.सी. एवं रेफ्रीजेरेटर (यथा-विंडो ए.सी. स्टेबलाइजर के साथ-64 अदद, स्प्लीट ए.सी. स्टेबलाइजर के साथ-08 अदद एवं रेफ्रीजेरेटर स्टेबलाइजर के साथ-06 अदद) के वार्षिक संपोषण के लिए ख्याति प्राप्त एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले आपूर्तिकर्त्ताओं, प्रतिष्ठानों एवं संवेदकों से सीलबंद लिफाफे में निविदायें दिनांक 22.04.2016 को 03:00 बजे अप० तक प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के पदनाम से उनके कार्यालय कक्ष में यथा निर्धारित शर्त्तों के अधीन आमंत्रित की जाती हैं ।

सभी प्राप्त निविदायें दिनांक 25.04.2016 को 03:00 बजे अप० में प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के कार्यालय कक्ष में क्रय-विक्रय समिति के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें निविददाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे ।

निविदा एवं इससे संबंधित शर्त्तें बिहार विधान सभा की वेबसाईट www.vidhansabha.bih.nic.in पर देखी जा सकती है तथा इस संबंध में कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।

निर्धारित शर्त्तें:-

(1) निविदादाता अपनी निविदा सभी ए.सी. एवं रेफ्रीजेरेटर का भौतिक निरीक्षण के पश्चात ही समर्पित करेंगे ।

(2) निविदा के साथ फर्म/प्रतिष्ठानों का निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर एवं बिक्री कर चुकता प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए तथा निविदा के कभर पर फर्म/प्रतिष्ठानों का पूरा नाम/दूरभाष/मोबाईल नम्बर अंकित होना चाहिए ।

(3) ए.सी. एवं रेफ्रीजेरेटर का मरम्मत (पार्ट्स, कम्प्रेशर इत्यादि का रिप्लेसमेंट सहित) निःशुल्क की जायेगी और इसके लिए अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।

(4) ए.सी. एवं रेफ्रीजेरेटर का मरम्मत उनके अधिष्ठापित स्थान पर ही की जायेगी ।

(5) संधारणकर्त्ता को ए.सी. के खराब होने की सूचना प्राप्त होते ही तुरन्त संबंधित स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी ।

(6) वार्षिक रख-रखाव की गणना कार्यादेश निर्गत होने की तिथि से एक वर्ष के लिए मान्य होगी ।

(7) किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए रद्द/अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार बिहार विधान सभा सचिवालय को सुरक्षित होगा ।

असीम कुमार
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।